| Publication | Hindustan |
|---|---|
| Language/Frequency | Hindi/Daily |
| Page No | 03 |
| Date | 2nd January 2017 |

हिन्दुस्तान

2017 के स्वागत में एक दूसरे को बधाइयां देने का सिलसिला शुरू हो गया, सभी ने उत्साह से रंगारंग कार्यक्रम का लुत्फ उठाया

# आतिशबाजी और संगीत के जश्न में डूबा गुरुग्राम

## धूम

गुरुग्राम | मुख्य संवाददाता

शनिवार की रात 12 बजते ही गुरुग्राम के लोग जश्न में डूब गए। साल 2017 के स्वागत में एक दूसरे को बधाइयां देने का सिलसिला शुरू हो गया। लोग अपने घरों से निकलकर सड़क पर जश्न मनाने के लिए आ गए। पटाखों और आतिशबाजी के बीच नए साल का स्वागत किया। जश्न का यह सिलसिला रविवार की रात भी जारी रहा।

गुरुग्राम की सुबह से सभी मॉल, पब और रेस्टोरेंट में नए साल का जश्न शुरू हो चुका था। लोगों की सुरक्षा को ध्यान रखते हुए पुलिस आयुक्त संदीप खिरवार ने सभी वरिष्ठ अधिकारियों को सतर्क रहने के आदेश दिए।

सेक्टर 29 स्थित किंगडम आफ ड्रीम, विपुल वर्ल्ड सेक्टर 48 सोहना रोड के वी क्लब, डीएलएफ गार्डन सिटी के आवासीय क्षेत्र और वाटिका ग्रुप के आवासीय काम्पलेक्स में जोरदार ढंग से नए साल का स्वागत किया गया। ठंड के बीच गीत संगीत की स्वर लहरियां और डीजे पर बजता संगीत माहौल को गर्म बनाए हुए था। इन स्थानों पर डीजे, ढोल, फ्लैश मोब, फैशन वॉक, लाइव पारंपरिक एवं वेस्टर्न डांस के साथ खाने पीने के बेहतर इंतजाम ने लोगों की पार्टी को शानदार बनाया। डीएलएफ फेज-पांच सिटी क्लब समेत सभी अधिकांश आरडब्ल्यूए, कंडोमीनियम और कॉरपोरेट्स कंपनियों में भी नए साल के मौके पर पार्टी आयोजित की गई।

बच्चों के मनोरंजन के लिए किड्स जोन बनाए गए थे, साथ ही लजीज व्यंजनों की भी व्यवस्था की गई थी। अवध मगध रेस्टोरेंट के संचालक विजय गौतम ने कहा कि इस बार भीड़ पिछले वर्ष की अपेक्षा कम रही लेकिन लोगों के उत्साह में कमी नहीं थी।



डीएलएफ गार्डन सिटी, सेक्टर 91 के स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स में शनिवार को 'न्यू ईयर बैश' पार्टी का आयोजन किया गया। पार्टी का मुख्य आकर्षण डीजे, ढोल, फैशन वॉक, लाइव कथककली नृत्य था। • हिन्दुस्तान

### सुख और शांति के लिए सुंदर कांड पाठ किया

नए साल में सुख और शांति के लिए स्थानीय लोगों ने सेक्टर 7 के गौरी शंकर मंदिर में सुंदर कांड के पाठ का आयोजन किया। लोगों ने इस दौरान भंडारा भी आयोजित किया। पूर्वांचल एकता मंच के महासचिव सत्येंद्र सिंह एवं पंड़ित दिवाकर नंद कौशिक की अगुवाई में हुए इस कार्यक्रम में लोग परिवार समेत शामिल हुए।

### नव वर्ष के पहले दिन ईश्वर का आशीष लिया

नए साल की पहली सुबह की शुरुआत लोगों ने पूजा के साथ की। अवकाश होने के कारण लोग परिवार के सदस्यों के साथ पहुंचे थे। मंदिरों में लोगों की भीड़ रही। दिन में भी गुनगुनाती धूप में पार्कों और मॉल में लोग नए साल का लुत्फ उठाते दिखे।

## हुड़दंगियों को भगाने के लिए लाठियां फटकारीं

गुरुग्राम | वरिष्ठ संवाददाता

पुलिस मुस्तैदी के बावजूद नए साल के जश्न में सराबोर हुए हुड़दंगी सड़कों पर हुड़दंग करने से बाज नहीं आए। एमजी रोड पर शराब के नशे में हुड़दंग कर रहे युवकों को भगाने के लिए पुलिस को लाठियां फटकारनी पड़ीं।

11 बजे के बाद पुलिस ने माल में अधिक भीड़ होने के कारण अंदर जाने पर रोक लगा दी थी। पुलिस ने मॉल हर फ्लोर पर महिला और पुरुष पुलिस जवानों को तैनात कर रखा था। सहारा माल के सामने डीसीपी ईस्ट दीपक सहारण, एसीपी ममता खरब समेत अन्य अधिकारियों के साथ मौजूद थे।

रात दस बजे डीसीपी और एसीपी ने बार के अंदर जाकर हालत देखा। एमजी रोड से भागने के बाद ये हुड़दंगी लेजर वैली पार्क के पास सड़क पर ही जश्न मनाने लगे। युवक स्कार्पियो के ऊपर चढ़ कर नाच रहे थे। पुलिस ने शराबियों के खदेड़ने के लिए डंडे का भी सहारा लिया।

### पुलिस ने 32 शराबियों का चालान किया

पुलिस ने शराब के नशे में ड्राइव करने वालों पर नकेल कसने के लिए जगह जगह नाकेबंदी कर चालान करने की व्यवस्था की थी। डीसीपी ट्रैफिक बलबीर सिंह ने बताया कि 31 दिसंबर की रात शराब पीकर ड्राइविंग के 32, ब्लैक फिल्म के छह और गलत दिशा में ड्राइविंग के लिए 52 वाहनों का चालान किया गया। यातायात के 14 नाके लगाए गए थे।

### पत्रकार से बदलसूकी

देर रात सहारा माल में अंदर जाने को लेकर एक अंग्रेजी दैनिक समाचार पत्र के पत्रकार के साथ एक पुलिसकर्मी ने बदसलूकी की। उन्हें समाचार संकलन के लिए मॉल के अंदर नहीं जाने दिया। पत्रकार का कहना है कि परिचय पत्र दिखाने के बाद भी पुलिसकर्मी ने बदसलूकी की।

| Publication | Amar Ujala |
| --- | --- |
| Language/Frequency | Hindi/Daily |
| Page No | 07 |
| Date | 2nd January 2017 |

अमर उजाला

# नए साल के जश्न में डूबी रही साइबर सिटी

## एमजी रोड पर पुलिस को भीड़ संभालने में करनी पड़ी कड़ी मशक्कत, सहारा मॉल के पास फटकारी लाठी

**अमर उजाला ब्यूरो**

गुरुग्राम।

साइबर सिटी शनिवार रातभर नए साल के जश्न में डूबी रही। शहर की मुख्य एमजी रोड पर जश्न का खास असर देखने को मिला। नववर्ष की मस्ती के लिए युवाओं की भीड़ यहां उमड़ पड़ी, जिसे पुलिस ने लाठी फटकार कर दौड़ाया। भीड़ बढ़ती देख पुलिस ने मॉल में युवाओं के अंदर जाने पर रोक लगा दी। ऐसे में युवाओं को निराश ही यहां से लौटना पड़ा। जैसे ही रात के 12 बजे युवाओं ने नए साल का स्वागत किया। वहीं नए साल पर सार्वजनिक स्थान पर शराब पीने के आरोप में पुलिस ने 18 लोगों को गिरफ्तार किया।

नए साल के स्वागत के लिए शहरभर में जगह-जगह पार्टियों व नाच गाने का आयोजन किया गया था। विभिन्न होटलों, रेस्टोरेंट, पब व बार में नव वर्ष के आगमन के मौके पर तैयारियां की गई थीं। नव वर्ष का जश्न मनाने के लिए कुछ लोग परिवार के साथ घरों से निकले तो कुछ अपने दोस्तों, गर्ल फ्रेंड के साथ मस्ती करने के लिए पहुंचे। शहर के एंबीयंस मॉल, साइबर हब, हयात रिजेंसी, साइबर पार्क, साइबर सिटी, डीएलएफ क्लब, साउथ सिट-2 क्लब पेटियो, एमजी रोड पर सहारा मॉल, डीटी मॉल, सेंट्रल मॉल, एमजीएफ मेट्रोपॉलिटन, वाटिका, सुशांत लोक के कंट्री यार्ड में विशेष तौर नववर्ष की पार्टियों के आयोजन के लिए विशेष इंतजाम किए गए थे।



सहारा मॉल पर 31 दिसंबर की रात नए साल का जश्न मनाने वालों को समझाते डीसीपी ईस्ट दीपक सहारन।

### सहारा मॉल पर जुटी युवाओं की भीड़

एमजी रोड पर खास भीड़ सहारा मॉल के बाहर देखने को मिली। सहारा मॉल के अंदर कई पब एंड बार होने के कारण युवा यहां सबसे अधिक खिंचे चले आए। मॉल के अंदर जाने के लिए युवाओं को लंबी लाइन में लगना पड़ा। बारी का इंतजार कर रहे युवाओं का हौंसला भी कई बार जवाब दे गया। ऐसे में उन्होंने हो हल्ला करना शुरू कर दिया और लाइन तोड़कर सीधे गेट पर पहुंच गए। ऐसा होते देख पुलिस भी गेट की तरफ दौड़ी और व्यवस्था को संभाला। युवाओं को डांट फटकार कर फिर से लाइन में लगाया।

### 11 बजे के बाद मॉल में एंट्री बंद

सहारा मॉल में युवाओं की बढ़ती भीड़ को देखते हुए वहां की जगह के हिसाब से रात 11 बजे प्रवेश पर रोक लगा दी गई। मॉल की दूसरी और तीसरी मंजिल पर यहां कई पब एंड बार हैं। जब युवाओं ने मॉल के अंदर जाने के लिए जोर दिया तो पुलिस ने युवाओं को खदेड़ने के लिए लाठी फटकारनी शुरू कर दी और दूर तक युवाओं को दौड़ाया। ऐसे में यहां मॉल में आने को आतुर युवा पुलिसकर्मियों से मिन्नतें भी करते नजर आए।

### नाकों पर झेलनी पड़ी परेशानी

एमजी रोड पर वाहनों की आवाजाही के लिए बेरिकेड लगाकर ब्लॉक की गई सड़क से जाने के लिए काफी लोग पुलिस से मिन्नतें करते तो कुछ लोग भिड़ते भी नजर आए। लेकिन पुलिस ने किसी की नहीं सुनी। ऐसे में उन लोगों को भी परेशानी हुई, जो इस रोड से रोजाना अपने गंतव्य की ओर आते-जाते थे। वाहनों के जाम में फंस जाने के कारण उन्हें काफी परेशानी का सामना करना पड़ा।

### पुलिस की बड़ी फौज लगी थी यहां

एमजी रोड पर आने वाली युवाओं की भीड़ को संभालने के लिए यहां पुलिस की बड़ी फौज लगाई गई थी। हालांकि मॉल के अंदर ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों के पास भीड़ को संभालने तक के लिए एक डंडा तक भी नहीं था। एसीपी डीएलएफ हरेंद्र कुमार ने मॉल में सुरक्षा जायजा लेने के बाद सभी पुलिसकर्मियों को डंडे देने के लिए निर्देश दिए।

| Publication | Gurgaon Today |
| --- | --- |
| Language/Frequency | Hindi/Daily |
| Page No | 03 |
| Date | 2nd January 2017 |


गुड़गांव टुडे

# गुरुग्राम में नए साल के जश्न की रही धूम

टुडे रिपोर्टर, गुरुग्राम

31 दिसम्बर की रात घड़ी की सूइयों में जैसे ही 12 बजे गुरुग्राम के लोग जश्न में डूब गए। साल 2017

**■ सभी ने एक-दूसरे को दी शुभकामनाएं**

के स्वागत में सभी ने एक-दूसरे को शुभकामनाएं दी। 12 बजते ही लोग जश्न मनाने के लिए सड़कों पर निकल आए। इस दौरान लोगों ने सड़कों के साथ कैफे, पार्कों और रेस्तराओं में भी नये साल का जश्न मनाया।

गुरुग्राम में शानदार तरीके से जश्न में मनाया गया। लोगों ने नए साल को मनाने के लिए पहले से ही शानदार तैयारियां कर रखी थी। डीएलएफ गार्डेनसिटी के रेसिडेंशियल एरिया और इनवाईरो द्वारा आयोजित वाटिका ग्रुप के रेसिडेंशियल कॉम्प्लेक्स में बड़े धूमधाम से नए साल का स्वागत किया गया।



नये साल पर सांस्कृतिक प्रस्तुति देते कलाकार।

डीएलएफ गार्डेन सिटी, सेक्टर 91 के स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स में न्यू ईयर बैश के नाम से नए साल की पार्टी का आयोजन किया गया था। पार्टी का मुख्य आकर्षण डीजे, ढोल, फ्लैश मोब, फैशन वाक, लाइव कथक कली डांस और लाइव बार था। इस जश्न को यादगार बनाने के लिए एक सेल्फी जोन भी बनाया गया था जहां लड़कियों और महिलाओं ने सेल्फी खींची। बच्चों के मनोरंजन के लिए किड्स जोन बनाए गए थे, साथ ही लजीज व्यंजनों की भी व्यवस्था की गई थी।